प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.08.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तीन दिवसीय हमीरपुर प्रवास के पहले दिन आज दोसड़का में राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना के तहत आम लोगों को संपत्ति कार्ड वितरण का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वह राज्य कर एवं आबकारी विभाग की कॉलोनी और टाउन भराड़ी–नंधन–प्लासी सड़क का शिलान्यास भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री कल शनिवार को अपने गृह क्षेत्र नादौन के खरीड़ी मैदान में बहु–उद्देश्यीय खेल परिसर का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा वह बड़ा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उदघाटन और किसान प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास भी करेंगे। बाद में मुख्यमंत्री नेरी स्थित उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय में कन्या छात्रावास की आधारशिला रखेंगे और महाविद्यालय के पी.जी. ब्लॉक का उदघाटन करेंगे। मुख्यमंत्री 18 अगस्त को दोसड़का में पोषण अभियान के तहत प्रदेश सरकार की एक विशेष पहल पर दी जाने वाली सामग्री के वितरण का शुभारंभ करेंगे और शिक्षकों को आधुनिक टैबलेट भी वितरित करेंगे। इसी दिन बाद दोपहर उनका शिमला लौटन का कार्यक्रम है।

पुण्यतिथि

राष्ट्र पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर आज नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेई की समाधि सदैव अटल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और भाजपा के नेता शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित करेंगे।

अमृत उद्यान

राष्ट्रपति भवन दिल्ली में अमृत उद्यान आज से आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा, जो अगले महीने की 15 तारीख तक खुला रहेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में बुधवार को अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन संस्करण 2024 का उद्घाटन किया।

इस वर्ष पहली बार 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खिलाडियों को अमृत उद्यान का भ्रमण करने का निमंत्रण दिया गया है। इसके अलावा स्कूलों और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को भी फूलों का अवलोकन करने के लिए आमंत्रित किया गया है। उद्यान के लिए प्रवेश निःशुल्क है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कल शाम कुल्लू जिला में मनाली के भूस्खलन व बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पलचान, बाहंग, नेहरू कुंड व अंजनी महादेव क्षेत्र का दौरा किया और प्रभावितों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने स्थानीय लोगों की मांग पर एनएचपीसी को सैंज–बक्शाहल सड़क की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। विक्रमादित्य सिंह ने कुल्लू शहर के कूड़ा कचरा संयंत्र का भी दौरा किया। कुल्लू नगर परिषद के अध्यक्ष व पार्षदों ने कूड़े के निष्पादन में आ रही समस्याओं से मंत्री को अवगत करवाया।

फोटो प्रदर्शनी

केंद्रीय संचार ब्यूरो शिमला व सूचना एवम प्रसारण मंत्रालय द्वारा शिमला के एतिहासिक गेयटी थियेटर में 78वें स्वतंत्रता दिवस व कारगिल विजय रजत जयंती पर आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी कल संपन्न हुई। प्रदर्शनी में कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों के अदम्य शौर्य और बलिदान की कहानी चित्रों के ज़रिए बतायी गई। इस अवसर पर कारगिल योद्धा सूबेदार मेजर दिवाकर दत्त शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कारगिल युद्ध के अपने अनुभव युवाओं के साथ सांझा किए। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र की सेवा में समर्पित होने का आह्वान किया।

शिखर सम्मेलन

देश कल 17 अगस्त को तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस शिखर सम्मेलन का विषय है– 'सतत भविष्य के लिए एक सशक्त ग्लोबल साउथ'। विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया कि इसमें पिछले सम्मेलनों में विश्व की विभिन्न जटिल चुनौतियों पर हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। इन चुनौतियों में संघर्ष, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा संकट तथा जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं से विश्व का प्रभावित होना शामिल है। सम्मेलन में ग्लोबल साउथ के देश चुनौतियों, प्राथमिकताओं तथा अल्प विकसित और विकासशील देशों की समस्याओं, विशेषकर विकास के क्षेत्रों में समाधान, तलाशने पर चर्चा करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि पिछले दो शिखर सम्मेलनों की ही तरह यह सम्मेलन भी वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया जाएगा और उद्घाटन सत्र की मेजबानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। वहीं किन्नौर व कुल्लू में बादल छाए हुए हैं। बीते कल से बारिश में आई कमी के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि पिछले दिनों हुई भारी वर्षा के बाद अभी भी कई सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं और बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं बाधित होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान चंबा, कांगड़ा, शिमला और सिरमौर जिलों में बाढ़ आने की चेतावनी देते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग की ओर से आगामी 21 अगस्त तक प्रदेश के कुछ भागों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार मानसून से प्रदेश में अब तक 1008 करोड़ का नुकसान हुआ है। लोकनिर्माण विभाग को सबसे ज्यादा 470 करोड़ का नुकसान पहुंचा है वहीं जलशक्ति विभाग को 446 करोड़ की क्षति आंकी गई है।